# केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड

(शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन एक स्वायत्त संगठन)

CENTRAL BOARD OF SECONDARY EDUCATION

(An Autonomous Organisation Under the Ministry of Education, Govt. of India)

**के.मा.शि.बो./शैक्ष/अ.नि.(म.सिं.)/2026** **दिनांक: 05.06.2026**

**परिपत्र सं. शैक्ष-37/2026**

**केमाशिबो से संबद्ध सभी विद्यालय के प्रमुख**

**विषय: राष्ट्रीय योग ओलंपियाड 2026 के संबंध में।**

राष्ट्रीय योग ओलंपियाड की शुरुआत 2016 में 21 जून को मनाए जाने वाले अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के पश्चात की गई थी। विद्यालयों में योग को बढ़ावा देने के लिए शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार की ओर से एनसीईआरटी द्वारा राष्ट्रीय योग ओलंपियाड आयोजित किया जाता है।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में यह परिकल्पना की जाती है कि विद्यार्थियों में भारतीय होने के प्रति निहित गर्व की भावना विकसित की जाए, जो केवल विचारों में ही नहीं, बल्कि आत्मा और बौद्धिक स्तर पर भी प्रदर्शित। यह आवश्यक है, कि युवा पीढ़ी को योग के माध्यम से सद्भाव, शांति और प्रेम की भावना की ओर मार्गदर्शन दिया जाए। यह ओलंपियाड यौगिक पद्धतियों का बोध विकसित करने में सहायता करता है तथा जीवन में उनके अनुप्रयोग को बढ़ावा देता है, जिससे बच्चों के शारीरिक, भावनात्मक और मानसिक विकास में सहायता मिलती है। यह बच्चों में स्वस्थ आदतों और मानवीय मूल्यों के विकास में भी सहायक होगा। योग ओलंपियाड के दौरान यौगिक पद्धतियों जैसे आसन, प्राणायाम, क्रिया (शुद्धिकरण प्रक्रिया), ध्यान तथा बंध (केवल माध्यमिक स्तर के लिए) का आकलन किया जाता है।

इस वर्ष राष्ट्रीय योग ओलंपियाड **दिनांक 15 जून 2026 से दिनांक 18 जून 2026** तक ऑनलाइन आयोजित किया जाएगा। विद्यार्थियों द्वारा पंजीकरण दिनांक 10 जून 2026 तक इस लिंक पर https://www.nyoncert.in/registration2026/register.php किया जाए।

राष्ट्रीय योग ओलंपियाड 2026 के दिशानिर्देश इस लिंक पर https://www.nyoncert.in/assets/images/files/NYO%202026%20Guidelines%20Final.pdf और https://www.nyoncert.in/index.html उपलब्ध हैं:

उपर्युक्त को देखते हुए, आपसे अनुरोध है कि आप विद्यालय के विद्यार्थियों के बीच यह जानकारी फैलाएँ और उन्हें राष्ट्रीय योग ओलंपियाड 2026 में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करें।

शुभकामनाओं सहित!

**(डॉ. प्रज्ञा एम. सिँह)**
**प्रोफेसर एवं निदेशक (शैक्षणिक)**

'एकीकृत कार्यालय परिसर, सेक्टर - 23, द्वारका, नई दिल्ली - 110075'
'Integrated Office Complex, Sector - 23, Dwarka, New Delhi - 110075'

फ़ोन/Telephone: 011-24050612 वेबसाइट/Website: http://cbseacademic.nic.in ईमेल/e-mail: directoracad.cbse@nic.in

**निदेशालयों, संगठनों और संस्थानों के संबंधित प्रमुखों को यह अनुरोध करते हुए प्रति भेजी जा रही है कि वे अपने अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले सभी विद्यालयों तक यह जानकारी पहुँचाए:-**

1. आयुक्त, केंद्रीय विद्यालय संगठन, 18 इंस्टीट्यूशनल एरिया, शहीद जीत सिंह मार्ग, नई दिल्ली-16
2. आयुक्त, नवोदय विद्यालय समिति, बी-15, सेक्टर-62, इंस्टीट्यूशनल एरिया,नोएडा-201309
3. सचिव, एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय (ईएमआरएस), जनजातीय कार्य मंत्रालय,भारत सरकार।
4. सचिव, सैनिक विदयालय सोसायटी, कमरा सं. 101, डी-1 विंग, सेना भवन, नई दिल्ली-110001
5. अध्यक्ष, ओडिशा आदर्श विद्यालय संगठन, एन-1/9, दूरदर्शन केंद्र के पास, डाकघर सैनिक विदयालय, नयापल्ली, भुवनेश्वर, ओडिशा-751005
6. शिक्षा निदेशक, शिक्षा निदेशालय, एनसीटी दिल्ली सरकार, पुराना सचिवालय, दिल्ली-110054
7. जन अनुदेश निदेशक (विदयालय), संघ राज्य क्षेत्र, सचिवालय, सेक्टर 9, चंडीगढ़-160017
8. शिक्षा निदेशक, सिक्किम सरकार, गंगटोक, सिक्किम–737101
9. विद्यालय शिक्षा निदेशक, अरुणाचल प्रदेश सरकार, ईटानगर–791111
10. शिक्षा निदेशक, सरकार ए एंड एन द्वीप समूह, पोर्ट ब्लेयर–744101
11. विद्यालय शिक्षा निदेशक, लद्दाख, कमरा नंबर 101-102, भूतल, काउंसिल सचिवालय, कुरबाथांग, कारगिल – लद्दाख
12. विद्यालय शिक्षा निदेशक, आंध्र प्रदेश, तीसरा तल, बी ब्लॉक, अंजनेय टावर्स, वीटीपीएस रोड, भीमाराजू गुट्टा, इब्राहिमपटनम, आंध्र प्रदेश – 521456
13. निदेशक, झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद, रांची, झारखंड
14. निदेशक, सम्भोटा तिब्बती विद्यालय सोसायटी (STSS), केंद्रीय तिब्बती प्रशासन (सीटीए), धर्मशाला, हिमाचल प्रदेश।
15. अपर महानिदेशक नौ सेना, ए-विंग, सेना भवन, डीएचक्यू, पीओ, नई दिल्ली-110001
16. सचिव एडब्ल्यूईएस, रक्षा मंत्रालय (सेना) का एकीकृत मुख्यालय, एफडीआरसी भवन संख्या 202, शंकर विहार (एपीएस के पास), दिल्ली कैंट-110010
17. नेवी एजुकेशन सोसाइटी, नौसेना शिक्षा निदेशालय, नौसेना मुख्यालय, रक्षा मंत्रालय, वेस्ट ब्लॉक-वी, आरके पुरम, नई दिल्ली-110066
18. अध्यक्ष, केमाशिबो के उप सचिव
19. सचिव/परीक्षा नियंत्रक/सभी निदेशक,केमाशिबो
20. सभी प्रोफेसर एवं निदेशक, केमाशिबो
21. सभी क्षेत्रीय निदेशक/क्षेत्रीय अधिकारी केमाशिबो, इस अनुरोध के साथ कि वे इस परिपत्र को अपने-अपने क्षेत्रों में बोर्ड से संबद्ध सभी विद्यालयों के प्रमुखों को भेजें
22. सभी संयुक्त सचिव/उप सचिव/प्रधाननिजी सचिव/वरिष्ठ निजी सचिव/अवर सचिव/सहायक सचिव
23. सभी एसोशिएट प्रोफ़ेसर,
24. सभी प्रमुख/प्रभारी,केमाशिबो उत्कृष्टता केंद्र, केमाशिबो
25. प्रभारी आईटी इकाई, इस अनुरोध के साथ कि वे इस परिपत्र को केमाशिबो की शैक्षणिक वेबसाइट पर अपलोड करें।
26. प्रभारी, पुस्तकालय
27. रिकॉर्ड फ़ाइल

**हस्ता/-**
**प्रोफेसर एवं निदेशक (शैक्षणिक)**